हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 01 अंक–147 : जौनपुर, गुरुवार 09 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कल समिट में एक घंटा 50 मिनट बिताएंगे प्रधानमंत्री मोदी : कर सकते हैं नई घोषणा

लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 1 घंटा 50 मिनट बिताएंगे। पीएम मोदी 10 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.20 बजे तक आयोजन स्थल पर रहेंगे। पीएम सुबह 10.30 बजे आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद ग्लोबल ट्रेड शो और इन्वेस्ट यूपी 2.0 का उद्घाटन करेंगे। मोदी प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। इसके बाद पीएम का देश और दुनिया के दिग्गज उद्यमियों के साथ फोटो सेशन भी होगा। सुबह 11 बजे पीएम ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री 11.40 से 12.20 बजे तक समिट को संबोधित करेंगे। उसके बाद उनका एयरपोर्ट के लिए रवाना होने का कार्यक्रम है। सबकी निगाहें मोदी की नई घोषणा पर इन्वेस्टर्स समिट–2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण की घोषणा की थी। निवेशकों, उद्यमियों, अधिकारियों और नेताओं की निगाह अब ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आ रहे पीएम मोदी के भाषण पर है। उम्मीद है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देजर पीएम फिर यूपी के लिए कोई बड़ी घोषणा कर सकते हैं। मेहमानों को परोसे जाएंगे मिलेट्स भोज ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आने वाले देशी–विदेशी निवेशकों, उद्यमियों और मेहमानों को यूपी और भारतीय पारंपरिक भोज के साथ मोटे अनाज से बने व्यंजन भी



परोसे जाएंगे। ज्वार बाजरे की रोटी, सरसों का साग, कोदो और कुट्टू से बने व्यंजन भी परोसे जाएंगे। 13–14 को जनता के लिए खुलेगी प्रदर्शनी समिट में लगाई जा रही प्रदर्शनी आम जनता के लिए 13–14 फरवरी को खुली रहेगी। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने बताया कि प्रदर्शनी में पांच सौ से ज्यादा स्टालें लगाई जा रही है। देशी–विदेशी निवेशक अपने उत्पादों, तकनीक का वहां प्रस्तुतीकरण करेंगे।

## स्किल और अच्छे विचारों से सुसज्जित युवा अपने भविष्य की राह चुनने में स्वयं सक्षम होते हैं –प्रो.मीता साह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ में आज राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विश्वविद्यालय सेवा योजन व मंत्रणा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में युवा छात्र छात्राओं के लिए कैरियर विकास एवं काउंसलिंग हेतु एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमांशु सिंह, उप प्रमुख, विश्वविद्यालय सेवायोजन एवं मंत्रणा केंद्र, लखनऊ विश्वविद्यालय, ने अतिथि वक्ता के तौर पर छात्र छात्राओं को उनके माइंडसेट, टारगेट एंड अटेंम्प्ट के नियम बताते हुए वर्तमान समय में रोजगार की दिशा में बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र–छात्राओं से अनेक प्रकार के जाब और उनके लिए आवश्यक योग्यता के बारे में भी वर्णन किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने छात्र–छात्राओं से उनके कैरियर टारगेट के बारे में पूछते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.मीता साह ने कहा कि, स्किल और अच्छे विचारों से सुसज्जित युवा अपने भविष्य की राह चुनने में स्वयं सक्षम होते हैं। उनसे आशा है कि, वे अपनी पूर्ण क्षमता के साथ राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर अपना योगदान दें। महाविद्यालय उप –प्राचार्य, प्रो. विनोद चंद्रा ने छात्र छात्राओं से कहा कि, सही वक्त पर मिलने वाला मार्गदर्शन,



पूरे जीवन भर आप को प्रकाशमान करता है। महाविद्यालय प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ विजय राज श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि, महाविद्यालय से प्रतिवर्ष 1000 से भी अधिक छात्र–छात्राएं प्लेसमेंट लेकर निकलते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं को इस दिशा में महाविद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों से भी अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय परीक्षा प्रभारी, डॉ जितेंद्र अवस्थी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, डॉ गिरिजेश त्रिपाठी, डा मनीष मिश्रा, डॉ बलवंत कुमार बारी सहित अनेक छात्र छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक

## चंदन और सौरभ विश्वकर्मा ने वादी मुकदमा को दी धमकी : केस दर्ज

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : दीवानी कचहरी में मुकदमा की पैरवी करने जा रहे वादी मुकदमा को धमकी देने पर कैंट पुलिस ने शेखर, चंदन व सौरभ विश्वकर्मा समेत 15 अज्ञात के खिलाफ जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। राजघाट क्षेत्र के मिर्जापुर, काली मंदिर निवासी विवेक कुमार गुप्ता उर्फ विवेक सूर्या ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि वह अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम प्रथम के न्यायालय में विचाराधीन मुकदमा राज्य बनाम दीपक शाह थाना कोतवाली का वादी मुकदमा है। वह सोमवार को मुकदमे की पैरवी में दीवानी कचहरी गया था। न्यायालय परिसर में नई बिल्डिंग के पास मुकदमे में आरोपित राजघाट क्षेत्र के मिर्जापुर निवासी शेखर विश्वकर्मा, उसका भाई चंदन और सौरभ विश्वकर्मा 12–15 अज्ञात लोगों के साथ उसको घेर लिए और गवाही देने पर जानमाल की धमकी देने लगे। उनके निजी सरकारी सुरक्षाकर्मी ने आसपास के लोगों की मदद से सुरक्षित उनके घेराबंदी से बाहर निकाला। कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 143, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में हुई एंटी भू माफिया टास्क फोर्स की बैठक:कार्यवही पर बल

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के अध्यक्षत एवम् पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में एंटी भू–माफिया, टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में पूर्व चिन्हित किये गये भू–माफियाओं के मामलों का पुनः गहन जांच एवं समीक्षा प्रत्येक दशा में दो दिवस के भीतर कर लिया जाए तथा प्रत्येक मामलों की अद्यतन स्थिति पर तथ्यात्मक आख्या सहित सूची प्रस्तुत किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जितने एंटी भू–माफिया चिन्हित किए गए हैं और कार्यवाही की गई है ऐसे समस्त प्रकरणों को चिन्हित करते हुए पूर्ण विवरण एंटी भू–माफिया पोर्टल पर दर्ज कराये। जिलाधिकारी ने कहा एंटी भू–माफिया के पोर्टल पर प्राप्त होने वाले शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई प्रकरण डिफाल्टर न होने पाए तथा एंटी भू माफिया पोर्टल पर जो प्रकरण दर्ज न हो और कार्यवाही किया जाना आवश्यक है तो उप जिलाधिकारी द्वारा स्वयं संज्ञान में में लेकर प्रकरण को पोर्टल पर दर्ज कराकर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को अवगत कराया गया




है कि एंटी भू–माफिया के विरुद्ध शासनादेशों में दी गई गाइडलाइन के अनुसार भू–माफियाओं को चिन्हित करते हुए आवश्यक प्रभावी कार्यवाही करते हुए भू–माफियाओं से अतिक्रमित भूमि को खाली कराया जाए। यदि अतिक्रमित भूमि वादग्रस्त है तो वाद की समीक्षा कर तत्परता से न्यायिक कार्यवाही सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी रामअक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक कर दिए गये आवश्यक निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर–करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक देर सायं संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली से जुड़े समस्त विभागीय अधिकारियों को दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप वसूली सुनिश्चित कराएं, अधिकारियों के द्वारा वसूली में शिथिलता बरती गई तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष रूचि लेकर वसूली करके अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि आबकारी, स्टाम्प द्वारा वसूली लक्ष्य से कम है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक दशा में वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली, भूमि पट्टा आवेदन, किसान दुर्घटना



बीमा, स्वामित्व योजना, खतौनी पुनरीक्षण की भी विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 05 वर्ष से अधिक लंबित वादों का अभियान चलाकर निस्तारण करें। अपर जिलाधिकारी रामअक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सहित सभी एसडीएम एवं तहसीलदार उपस्थित रहे।

## सरकारी धन के गबन में ग्राम विकास अधिकारी गिरफ्तार

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए मिले सरकारी धन के गबन के आरोपी ग्राम विकास अधिकारी प्रसून मिश्रा को गुलरिहा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वर्तमान में वह खजनी ब्लॉक में तैनात था। चरगावा ब्लॉक के जंगल एकला नंबर दो में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण में शासकीय धन के गबन का मामला सामने आया था। गुलरिहा पुलिस ने निवर्तमान सहायक विकास अधिकारी कृष्ण वर्मा की तहरीर पर तत्कालीन ग्राम प्रधान सलाउद्दीन और ग्राम विकास अधिकारी प्रसून मिश्रा पर गबन का केस दर्ज कर जांच कर रही थी। गुलरिहा थानेदार मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को खजनी ब्लॉक में तैनात गबन के आरोपी ग्राम विकास अधिकारी प्रसून मिश्रा को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस गबन के आरोपी तत्कालीन ग्राम प्रधान सलाउद्दीन की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार जंगल एकला नंबर 2 निवासी नरेंद्र सिंह ने दो सितंबर, 2020 को मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत की थी कि गांव में 188 शौचालय निर्माण में अनियमितता और अनुदान राशि का बंदरबांट किया गया है। सीडीओ ने त्रिस्तरीय जांच कमेटी बनाकर आरोप की जांच कराई तो पता चला कि 188 शौचालय में 65 शौचालय पूर्ण, 24 शौचालय अपूर्ण व 40 बने ही नहीं। छह लोगों को दो–दो शौचालय दिए गए थे। 53 लाभार्थियों के नाम ग्राम पंचायत में दर्ज ही नहीं थे। जांच में 123 शौचालयों के निर्माण में 14 लाख 76 हजार रुपये का शासकीय धन का गबन पाया गया।

## वर्ष 2023 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा दो पालियों में होगी संपन्न: जिला प्रशासन की पूरी तैयारी

जौनपुर सू.वि. : माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित वर्ष 2023 की हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट की परीक्षा 16 फरवरी, 2023 से 04 मार्च, 2023 के मध्य दो पालियों में (प्रथम पाली समय–प्रातः 8.00 बजे से 11.15 बजे तक, द्वितीय पाली सायं 2.00 बजे से 5.15 बजे तक) आयोजित होगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित वर्ष 2023 परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी। उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में परिषदीय परीक्षा के दौरान होने वाले कठिनाईयों से सबको परिचित कराया तथा अपने दायित्वों के प्रति अनवरत सतर्क रहने एवं अपने जोनल व सेक्टर में सतर्क दृष्टि रखते हुए भ्रमण करने के अपेक्षा की गयी है। उक्त समीक्षा बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा राज्य स्तर एवं जनपद स्तर पर स्थापित ऑनलाइन मॉनिटरिंग सेल से परीक्षा केन्द्रों के सतत् क्रियाशील रहने हेतु नियमित निरीक्षण सम्बन्धित सेक्टर मजिस्ट्रेटों को नजर रखने का निर्देश दिया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया कि शान्तिपूर्ण, शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त केन्द्र व्यवस्थापकों की एक बैठक/प्रशिक्षण 04 फरवरी 2023 टी०डी० इण्टर कालेज सभागार में आयोजित की जा चुकी है। उक्त बैठक में जिला विद्यालय ने अवगत कराया कि परीक्षा की समयबद्धता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत परीक्षा कार्यक्रम हेतु जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षकगण की आवश्यक बैठक 11 फरवरी 2023 समय–12.00, टी०डी० इण्टर कालेज सभागार में आहूत की जायेगी।

## छोटे लाइसेंसीस एवं वेंडरों की समस्याओं को संज्ञान में लाकर न्याय किया जाएगा –पंकज श्रीवास्तव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय रेलवे खानपान लाइसेंसी वेलफेयर एसोसिएशन पंजीकृत द्वारा जेड यू आर सी सी मेंबर एन ई आर पंकज कुमार श्रीवास्तव का पदाधिकारियों ने माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता द्वारा दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में विभिन्न राज्यों एवं जोनल से आए हुए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को गरिमामय उपस्थिति में सम्मान करते हुए रेलवे परामर्श दात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा छोटे लाइसेंसी जी एवं बिल्डरों के हित में किए जा रहे कार्यों हेतु अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने अखिल भारतीय रेलवे खानपान लाइसेंसीस वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उपस्थित राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नारे को धरातल पर लाकर हर वर्ग को जीविकोपार्जन हेतु




प्रयासरत हैं छोटे लाइसेंसीस एवं वेंडरों की समस्याओं को संज्ञान में लाकर न्याय किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री एम एलारी सीताराम शर्मा चंद्रशेखर गोपालकृष्ण प्रवीण शर्मा रियाज अहमद अंजलि माधवन सुरेंद्र राय दुर्गेश जायसवाल मोहम्मद जावेद गुलाटी माथुर समेत कई पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए छोटे लाइसेंसी एवं बिल्डरों की समस्याओं के विषय में चर्चा किया।

## विकास खण्ड केराकत में 13 फरवरी को रोजगार मेला का होगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 13 फरवरी 2023 को प्रातः 10:00 बजे विकास खण्ड केराकत परिसर जौनपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें 05 कम्पनियों के द्वारा हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण 200 बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का कैम्पस सलेक्शन किया जायेंगा। जिसमें अभ्यर्थी प्रतिभाग करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी शशिकांत सरोज ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी प्रूफ सहित प्रतिभाग कर सकते, एवं वेब पोर्टल– www.sewayojan.up.nic.in के माध्यम से भी जनपद के अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## आंचल मौर्य का आरडी परेड से लौटने के बाद कॉलेज में हुआ भव्य स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज जौनपुर के बी.ए तृतीय वर्ष की छात्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका आंचल मौर्या पुत्री सुशील मौर्य ने गणतंत्र दिवस के अवसर



पर आरडी परेड में सम्मिलित होने के बाद आज अपने मूल जनपद जौनपुर एवं कॉलेज मोहम्मद हसन में पहुंची जिसमें छात्र–छात्राओं में भव्य स्वागत किया एवं प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने बुके देकर सम्मानित किया प्राचार्य ने कहा कि आज के वर्तमान समय में छात्राएं सशक्त एवं मजबूत हो रही हैं हर क्षेत्र में अपना एक स्तंभ स्थापित कर रही हैं इसलिए अपना भारत देश पुनः सोने की चिड़िया बनने के लिए अग्रसर है इस मौके पर वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजय विक्रम सिंह,डॉ राकेश कुमार बिंद,डॉ विवेक विक्रम सिंह,डॉ शाहिदा परवीन,डॉ प्रेमलता गिरी,अहमद अब्बास खान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविका सेवक एवं सेविका मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

संतान चाहे कितनी भी बड़ी हो जाये, मां का आंचल कभी छोटा नहीं होता।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस

हर साल 11 फरवरी को विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। दुनियाभर में विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों की भूमिका का जश्न मनाते हुए, आइए जानें कुछ अद्भुत महिला वैज्ञानिकों के बारे में जो पारिस्थितिकी के क्षेत्र में दिलचस्प शोध कर रही हैं और चुनौतियों का सामना करते हुए फली–फूली हैं और कई लोगों के लिए प्रेरणादायी हैं।

डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन

ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क (सारस) के अपने संरक्षण कार्य के लिए प्रसिद्ध, डॉ. पूर्णिमा देवी बर्मन असम में एक गैर सरकारी संगठन "अरण्याक" के साथ एक जीवविज्ञानी हैं। पक्षियों के साथ उनका प्रेम संबंध पांच साल की उम्र में शुरू हुआ, जब वे असम में ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर अपनी दादी के साथ रहती थीं। उनकी दादी ने उन्हें विभिन्न पक्षी–प्रजातियों और पक्षी–गीतों के बारे में सिखाया, लेकिन उन्होंने 2007 में एक जीवन बदलने वाली घटना देखी।

उन्होंने देखा कि एक किसान एक पेड़ को काट रहा है जिसमें ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क का घोंसला और चूजे है। उन्होंने पाया की यह पक्षी अपने अनाकर्षक रूप, हड्डियों और मृत जानवरों को खाने और दुर्गंध फलाने के लिए बदनाम है। पक्षी को हरगिला कहा जाता है, जिसका अर्थ हड्डी–निगलने वाला होता है। पूर्णिमाजी ने तब स्थानीय समुदायों को सारस के पारिस्थितिक महत्व के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया।

यही नहीं उन्होंने हरगिला सेना बनाने के लिए असम के कामरूप जिले के गांवों में महिलाओं के एक समूह को संगठित किया। हरगिला सेना घोंसलों की रक्षा करती हैं, घायल सारसों का पुनर्वास करती हैं और लोगो को जागृत करने के लिए सारस के बारे में लोक गीत, कविता और नाटक दिखाती है।

आज, हरगिला सेना में 10,000 से अधिक महिलाएं हैं, और यह असम के कई जिलों में फैली हुई है। कामरूप जिले के गांवों में घोंसलों की संख्या 28 से बढ़कर 250 से अधिक हो गई है, जिससे यह दुनिया में ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क की सबसे बड़ी प्रजनन कॉलोनी बन गई है। हरगिला सेना सारस के घोंसलों के पास पौधे भी लगाती है। वे बच्चों को शिक्षित करने के लिए स्कूलों का दौरा करते हैं और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं।

पूर्णिमाजी ने अपने घर का कार्यभार और अपने दो बच्चो को भी संभालते हुए, अपने परिवार तथा असम के गांवों के लोगों की सारस और वन्यजीव प्राणी के संरक्षण के बारे में मानसिकता ही बदल दी। उनके काम को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है और उन्हें संयुक्त राष्ट्र के चौंपियंस ऑफ द अर्थ पुरस्कार और नारी शक्ति पुरस्कार (भारतीय महिलाओं के लिए सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) सहित कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

मधुश्री मुदके

मधुश्री मुदके ATREE में एक शोधकर्ता, जो दक्षिण–पश्चिमी भारत में उभयचरों पर मानवजनित गतिविधियों के प्रभावों पर काम कर रही हैं। मधुश्रीजी "म्क्लम ऑफ एक्जिस्टेंस", एक कार्यक्रम जो उन प्रजातियों के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करता है जो क्रमिक रूप से भिन्न और विश्व स्तर पर लुप्तप्राय हैं, के अंतर्गत पश्चिमी घाटों में कोटिगेहर डांसिंग फ्रॉग (मेंढक) के लिए पारिस्थितिक आवश्यकताओं और खतरों पर शोध कर रही है। यह गंभीर रूप से लुप्तप्राय मेंढक पर अपनी तरह का पहला अध्ययन है।

प्रकृति और विशेष रूप से पक्षियों के प्रति अपने बचपन के लगाव के कारण, उन्होंने 2014 में अपना संरक्षण करियर शुरू किया। इस क्षेत्र में पर्यावरण प्रभाव आकलन करते समय वह डांसिंग फ्रॉग के संपर्क में आई और पाया कि इसका बहुत कम अध्ययन किया गया था। उन्होंने पाया कि मेंढकों के संरक्षण के लिए आवास संरक्षण सबसे महत्वपूर्ण है, और स्थानीय समुदाय काफी हद तक प्रजनन स्थलों को पवित्र उपवनों के रूप में संरक्षित करके पहले से ही ऐसा कर रहे थे।

वह कहती हैं कि हालांकि संरक्षण के क्षेत्र में सही दिशा खोजना मुश्किल है, खासकर एक महिला के रूप में, वह उन लोगों को खोजने में सक्षम रही हैं जिन्होंने इस यात्रा के दौरान उनका मार्गदर्शन किया।

इशिका रामाकृष्णन

इशिका रामाकृष्णन "सेंटर फॉर वाइल्डलाइफ स्टडीज" की एक शोधकर्ता हैं, जो मनुष्यों और गैर–मानव प्राइमेट्स के बीच के संबंधों का अध्ययन करती हैं। उनका वर्तमान अध्ययन असम में गिब्बन, लंगूर और मकाक का मनुष्यों के साथ के संबंध पर केंद्रित है। वह अध्ययन कर रही हैं कि भू–उपयोग में परिवर्तन कैसे प्राइमेट्स को प्रभावित कर रहा है, स्थानीय इतिहास और लोककथाओं में उनका जुड़ाव और मनुष्यों की निकटता से उनके व्यवहार में क्या बदलाव आता है।

मुंबई में पली–बढ़ी इशिका को प्रकृति से जुड़ने का ज्यादा मौका नहीं मिला, लेकिन उन्हें वन्य जीवन के बारे में पढ़ने और प्रकृति पर फिल्म देखने का शौक था। घर में अपने पालतू जानवरों के व्यवहार को देखने के बाद उन्हें जानवरों के व्यवहार का अध्ययन करने में दिलचस्पी आई। वह विज्ञान संचार के क्षेत्र में काम करना जारी रखना चाहती हैं, जैसे की बच्चों की किताबें लिखना और पॉडकास्ट बनाना।

सुभादर्शिनी प्रधान

सुभदर्शिनी प्रधान जूलॉजी में एमएससी हैं और वर्तमान में पीएचडी कर रही हैं। उनका अध्ययन ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में मैंग्रोव पिट्टा के व्यवहार और संरक्षण पर केंद्रित है। मैंग्रोव पिट्टा एक छोटा, रंगीन पक्षी है जो निवास स्थान के नुकसान से खतरे में है। एक छोटी सी चिड़िया होने के कारण पिट्टा का अध्ययन करना कठिन होता है।

ये महिलाएं उस क्षेत्र में अद्भुत काम कर रही हैं जिसमें किसी भी इंसान के लिए काम करना मुश्किल है। परिवार से दूर वन्य जीवन के अध्ययन में कठिन इलाके को पार करना वास्तव में बहुत चुनौतीपूर्ण है। प्रकृति और वन्य जीवन के प्रति थोड़ा और संवेदनशील होने के लिए इन महिलाओं को हमारे लिए प्रेरणा बनने दें।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## यूपी बोर्ड इण्टरमीडिएट परीक्षार्थियों को भयमुक्त बनाकर तैयारी की टिप्स देगी "विज्ञान चेतना हेल्पलाईन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। संयुक्त शिक्षा निदेशक षष्ठ मण्डल सुरेन्द्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन और मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ0दिनेश कुमार के निर्देशन में आगामी 16 फरवरी से 4 मार्च तक होने वाली इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विज्ञान वर्ग परीक्षार्थियों के विषयगत तैयारी के टिप्स के लिए विज्ञान चेतना हेल्पलाइन स्थापित की गई है जो दिनाँक 11 फरवरी 2023 (शनिवार) की अपरान्ह 12 बजे 4 बजे तक (सिर्फ एक दिन 4 घण्टे के लिए) के लिए क्रियाशील रहेगी। विज्ञान चेतना हेल्पलाईन के निर्देशक डॉ0दिनेश कुमार ने बताया कि विज्ञान चेतना हेल्पलाईन में इण्टर विज्ञान वर्ग के मुख्य विषयों भौतिक विज्ञान,रसायन विज्ञान,जीव विज्ञान, गणित,अंग्रेजी, की कम समय में अच्छी तैयारी के लिए विषय विशेषज्ञों द्वारा टिप्स दिए जाएंगे,हेल्पलाइन का नम्बर 9415664679 रहेगा,जिसमें लखनऊ मण्डल के साथ साथ प्रदेश भर के इण्टर विज्ञान वर्ग के कोई भी परीक्षार्थी छात्र छात्रा हेल्पलाईन नम्बर 9415664679 पर अपरान्ह 12 बजे से 4 बजे तक कॉल कर के अपने विषयगत शंकाओं का समाधान विषय विशेषज्ञों से प्राप्त कर सकते हैं। ये होंगे विषय विशेषज्ञ रसायन विज्ञान– डॉ0दिनेश कुमार मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मण्डल तथा डॉ0 श्वेता श्रीवास्तव,प्रवक्ता, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज इंदिरा नगर लखनऊ



भौतिक विज्ञान–डॉ0अरविन्द कुमार वर्मा, प्रवक्ता, राजकीय जुबिली इण्टर कॉलेज लखनऊ गणित–अखिलेश अवस्थी, राजकीय हुसैनाबाद इण्टर कॉलेज लखनऊ जीव विज्ञान–डॉली भटनागर,प्रधानाचार्या राजकीय हाईस्कूल, बनीगांव,पुरवा, उन्नाव, तथा दीप्ति विश्वकर्मा ,प्रवक्ता, जी0जी0आई0सी0सरोसा भरोसा लखनऊ अंग्रेजी–वन्दना तिवारी, प्रवक्ता, जी जी आई सी सरोसा भरोसा लखनऊ विज्ञान चेतना हेल्पलाईन संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ कार्यालय के मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मण्डल डॉ0दिनेश कुमार के कक्ष में स्थापित की जाएगी जिसके शुभारम्भ में जे डी लखनऊ सुरेन्द्र कुमार तिवारी, डी0डी0आर0 लखानऊ मण्डल ओम प्रकाश मिश्रा डी0आई0ओ0एस0लखनऊ राकेश पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। डॉ0दिनेश कुमार मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मण्डल ने उक्त जानकारी दी।

## ट्रैक्टर–ट्रॉली डंपर से सवारी ढोते मिले तो 10 हजार जुर्माना : दो ट्रैक्टर ट्राली व पिकअप डाले का हुआ चालान

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : एडिशनल एसपी दुर्गेश कुमार सिंह के निर्देश पर कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी व अतिरिक्त कोतवाल पीपी सिंह के नेतृत्व शाहाबाद तिराहा बस स्टैंड गोपामऊ पुलिस चौकी पर ट्रैक्टर ट्राली व पिकअप डाले पर सवारियों को ले जा रहे वाहनों पर शिकंजा कसा। पुलिस ने दो ट्रैक्टर ट्राली व एक पिक अप डाले का चालान सवारियां ढोने पर किया। कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने कहा कि सहालक के चलते ट्रैक्टर ट्राली व पिकअप से बरात ले जाने वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। वाहन चालक बैंड बाजा डीजे तो लादते ही हैं, साथ में बजाने वाले भी बैठा लेते हैं। जो की बहुत ही खतरनाक है। कस्बे में जगह–जगह जर्जर तार मौत बनकर नीचे लटक रहे हैं, किसी भी समय हादसा हो सकता है। 4 साल पूर्व करावा रोड पर डीसीएम पर लगे बैंड बाजा मे बिजली के तार टैच हो जाने से चार लोगो की जलकर मौत हो चुकी है। अतिरिक्त कोतवाल पीपी सिंह ने कहा कि अब ट्रैक्टर–ट्रॉली, डाला व डंपर पर सवारियां ढोने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा। सभी पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी हाल में ट्रैक्टर ट्राली और ट्रक में यात्रा न होने दिया जाए। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अतिरिक्त कोतवाल पीपी सिंह



ने लोगों से भी अपील की है कि किसी भी दशा में यात्रा के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली या ट्रक का उपयोग न करें। अपनी व परिवार की सुरक्षा के लिए सुरक्षित साधनों का ही इस्तेमाल करें। सड़क सुरक्षा को लेकर ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने बताया है कि विकासखंड पिहानी व विकासखंड हरियावि के अंतर्गत व कोतवाली पिहानी क्षेत्र के सभी गांवों में ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों की मदद से बैठक कर, लोगों को ट्रैक्टर ट्राली, ट्रक, पिकअप डाला पर यात्रा न करने की अपील की जाएगी। ग्रामीणों को यातायात संबंधित जागरूक किया जाएगा।

## फाइलेरिया एक राष्ट्रीय नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल बीमारी है –मुख्य चिकित्सा अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने अवगत कराया है कि फाइलेरिया एक राष्ट्रीय नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल बीमारी है। फाइलेरिया रोग का संक्रमण क्यूलेक्स मच्छर के काटने से एक रोगी व्यक्ति से स्वास्थ्य व्यक्ति तक होता है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण में यह पाया गया है कि देश की पूर्ण जनसँख्या का लगभग 10 प्रतिशत जनसँख्या फाइलेरिया रोग के कारक परजीवी से संक्रमित है। कुछ में रोग का लक्षण दिखता है, जबकि कुछ में नहीं दिखता। फाइलेरिया रोग की जांच रात्रि कालीन होता है, इसलिए बड़े स्तर पर लोगो के खून की जांच किया जाना व्यवहारिक नहीं है। फाइलेरिया रोग के लक्षण आ जाने के बाद पूर्णतः उसका इलाज संभव नहीं होता, अपंगता बनी रहती है। बचाव सबसे अधिक प्रभावी उपाय है। भारत सरकार की उच्च स्तरीय कमेटी का सलाह है कि यदि सम्पूर्ण जनसँख्या को वर्ष में एक बार आयु वर्ग के अनुसार डी0ई0सी0 एवं अल्बेंडाजोल की खुराक लगातार 5 वर्षों तक खिला दिया जाये तो फाइलेरिया के संचरण पर नियंत्रण कर लिया जायेगा। भारत सरकार ने समुदाय में परिजीवी सूचकांक 1 प्रतिशत से कम करने के लिए वर्ष 2027 का लक्ष्य रखा है। यह कार्यक्रम जनपद में वर्ष 2004 से चलाया जा रहा हैं। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद में 10 फरवरी से 27 फरवरी 2023 तक फाइलेरिया अभियान घर घर चलाया जायेगा, जिसमें आशा, आंगनवाड़ी घर घर जा कर अपने सामने जनपदवासियों को दवा का सेवन कराएंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 08 एवं 09 फरवरी को फाइलेरिया की टीमें सभी कॉलेजों में दवा खिलाई गयी। दवा खाली पेट



नहीं खाना हैं। 02 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलायें एवं अत्यधिक बीमार लोगों को दवा नहीं खाना है। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ अन्य 10 विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। जनपद की कुल जनसंख्या 5283227 में से लक्षित जनसंख्या 4490743 को 3994 टीम एवं 7988 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर (आशा, ऑगनबाडी) द्वारा घर–घर जाकर प्रत्येक दिन 125 लाभार्थियों को अपने सामने दवा खिलाया जायेगा। अभियान सप्ताह में 04 दिन सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार को चलेगा एवं बुधवार, शनिवार को घर–घर कार्यक्रम के छूटे लाभार्थियों को माप अप राउन्ड चलाकर टीम द्वारा दवा खिलाया जायेगा। कार्ययोजना में प्रत्येक 06 टीम पर एक पर्यवेक्षक रखा गया है जिसके द्वारा टीमों का पर्यवेक्षण किया जायेगा। कार्यक्रम के संचालन के पूर्व की गतिविधियों जैसे–अन्तर्विभागीय जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठक, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण, पैरामेडिकल स्टाफ एवं ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर का प्रशिक्षण सम्पन्न किया जा चुका है। समस्त जनपद वासियों से अपील है कि जब उनके घर फाइलेरिया की टीम जाये तो टीम के सामने दवा खाकर अभियान को सफल बनाएं।

## 2022– 23 बैच में प्रवेश लेने वाले डिप्लोमा फार्मेसी छात्रों को पंजीकरण के पहले देनी होगी परीक्षा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 2022– 23 बैच के डिप्लोमा इन फार्मेसी छात्रों को अब पंजीकरण के पहले एग्जिट एग्जामिनेशन की अनिवार्यता होगी, उक्त निर्णय का फार्मेसिस्ट फेडरेशन ने स्वागत किया है। उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के पूर्व चेयरमैन और फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने इसका स्वागत करते हुए कहा कि एग्जिट एग्जाम लागू होने से फार्मेसी के क्षेत्र में अनुशासन, सत्य निष्ठा, निर्णय कौशल, ज्ञान और सीखने की इच्छा बढ़ेगी । इसे पास करने के बाद फार्मेसिस्ट अपने व्यवसायिक कार्यो और उत्तरदायित्व का वहन करने के अतिरिक्त अपने व्यवसाय कौशल का पूरा उपयोग कर सकेगा । डिप्लोमा इन फार्मेसी एग्जिट एग्जामिनेशन रेगुलेशन 2022 भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किये जाने से फार्मेसी प्रोफेशन में गिरते शैक्षणिक स्तर को बचाया जा सकेगा । फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया के प्रस्ताव पर इस रेगुलेशन को मंजूरी दी गयी है, जिसे भारत के असाधारण गजट भाग तीन खंड 4 में 24 फरवरी 2022 को प्रकाशित किया गया परंतु इसे लागू करने की तिथि पर संशय बना हुआ था । तिथि का निर्धारण फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने 28 जनवरी 23 को अपनी 388 वी बैठक में किया। एग्जिट एग्जामिनेशन के बारे में फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा समय–समय पर आम जनता को सूचित किया जाएगा । रेगुलेशन के अनुसार प्रत्येक वर्ष दो बार परीक्षा आयोजित होगी । परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा घोषित योजना के अनुसार ही होगी । निधारित प्राधिकरण द्वारा अभ्यर्थी को परीक्षा की तारीख और परीक्षा केंद्र का आवंटन परीक्षा केंद्र की उपलब्धता के आधार पर होगा । एग्जिट एग्जाम के लिए फार्मेसी कौंसिल द्वारा धारा 12 के अंतर्गत अनुमोदित संस्थान से डिप्लोमा फार्मेसी उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा । इस हेतु एक आवेदन फार्म भरना होगा । एग्जिट एग्जामिनेशन फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा निधारित प्राधिकरण द्वारा कराया जाएगा । फार्मास्यूटिक्स, फार्माकोलॉजी, फार्माकोग्नोसी, फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री, बायोकेमिस्ट्री, हॉस्पिटल एंड क्लिनिकल फार्मेसी, फार्मास्यूटिकल जूरिस्प्रूडेंस और ड्रग स्टोर मैनेजमेंट में बहुविकल्पीय प्रश्नों की परीक्षा में न्यूनतम 50: अंक पाने वाला ही उत्तीर्ण होगा । इस परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवार को नामांकन और फार्मेसी की प्रैक्टिस के लिए पात्रता का प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा और इसी के आधार पर स्टेट फार्मेसी काउंसिल में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट का पंजीकरण किया जाएगा । इस परीक्षा के कारण निश्चित रूप से गुणवत्ता में सुधार होगा और अच्छा ज्ञान प्राप्त करने के उपरांत योग्य फार्मेसिस्ट ही पंजीकृत हो सकेगा । इससे जनता का भला होगा, क्योंकि फार्मेसी व्यवसाय जनता के सीधे जीवन और मरण से जुड़ा हुआ है इसलिए इसमें किया गया सुधार जनहित में है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए । फार्मेसिस्ट फेडरेशन के महामंत्री अशोक कुमार, संयोजक और स्टेट फार्मेसी कौंसिल के पूर्व रजिस्ट्रार के के सचान, उपाध्यक्ष राजेश सिंह उपाध्यक्ष ओ पी सिंह और फार्मेसी काउंसिल के सदस्य सरफराज अहमद, राम सिंह यादव, अमरपाल यादव, यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष आदेश, महासचिव ज्ञान चंद्र, सचिव पी एस पाठक, रिटायर्ड विंग के अध्यक्ष जय सिंह सचान, महासचिव आर आर चौधरी सहित सभी पदाधिकारियों ने भी इसका स्वागत किया है ।

## अल्पसंख्यकों के हित में कार्य कर रही है प्रदेश सरकार –अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : एक्सप्रेस वे पर राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ बोर्ड एवं हज मंत्री दानिश आजाद अंसारी का जोरदार स्वागत। अल्पसंख्यक मंत्री दानिश आजाद अंसारी बोले, देश में किसी के संवैधानिक अधिकारों का नहीं हो रहा हनन।यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हम मुसलमानों की प्रगति के लिए काम कर रहे हैं। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार लगातार अल्पसंख्यकों के बारे में बात करती रही है।हमें आम मुसलमानों की आवाज सुननी है। वे प्रगति करना चाहते हैं लेकिन, सपा, बसपा व कांग्रेस की सरकारों में ऐसा नहीं होने दिया। उन्होंने मुसलमानों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। वृहस्पतिवार को सुबह लखनऊ एक्सप्रेस वे सड़क मार्ग से आजमगढ़ को जा रहें थे रास्ते में ही जिला अल्पसंख्यक सभा के जिला मंत्री नौशाद अली ने कार्यकर्ताओं के साथ राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी का जोर शोर से स्वागत किया । मौके पर अल्पसंख्यक



सभा के मंडल अध्यक्ष बल्दीराय अकबर अली खान,मंडल अध्यक्ष कुड़वार सिकंदर, मंडल अध्यक्ष धम्मौर आलम अब्बास,मोहम्मद असलम मंडल मंत्री अंसारी कमर, शहजादे,मौलाना सादिक अली मोहम्मद सुफियान, गुड्डू, मोहम्मद सलीम, सिकंदर अंसारी, सहित दर्जनो कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर कर स्वागत किया।

## यूथ फार्मेसिस्ट फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने डीएलए और डीआई से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। फार्मेसिस्ट फेडरेशन यूथ विंग के प्रतिनिधि मंडल ने संरक्षक उपेंद्र यादव और प्रदेश अध्यक्ष आदेश के नेतृत्व में लखनऊ के औषधि अनुज्ञापन अधिकारी और ड्रग इंस्पेक्टर से मुलाकात की तथा फार्मेसिस्टों की समस्याओं से अवगत कराया । लखनऊ के डीएलए बृजेश कुमार और डीआई नीलेश कुमार शर्मा, माधुरी सिंह से मिलकर यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष आदेश ने अवगत कराया कि फार्मेसिस्ट जब किसी प्रतिष्ठान से अपने को असंबद्ध करता है तो उसका नाम पोर्टल से जल्दी नहीं हटता जिससे अनेक समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं , औषधि निरीक्षक ने इस समस्या का तत्काल समाधान किया । उन्होंने मेडिकल स्टोर के नियमानुकूल संचालन के लिए फेडरेशन से सहयोग मांगा । फार्मेसिस्ट फेडरेशन प्रदेश में गलत ढंग से चल रहे मेडिकल स्टोरो का संचालन रोकने के लिए विभागीय अधिकारियों का सहयोग करेगा । फेडरेशन ने मेडिकल स्टोरो पर फार्मेसिस्ट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने की मांग की साथ ही औषधि उत्पादन उद्योगों में फार्मेसिस्ट की अनिवार्यता की भी मांग का ज्ञापन दिया



। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष देवेंद्र, रामशरन एवं लखनऊ के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार, अनिल दुबे आदि उपस्थित रहे । दोनो अधिकारियों ने फेडरेशन का सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया।

## प्रो. आलोक राय के पास ही रहेगा एकेटीयू का प्रभार : नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक संभालेंगे जिम्मेदारी

लखनऊ ब्यूरो : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक राय ही यह जिम्मेदारी संभालेंगे। इस संबंध में राज्यपाल ने आदेश जारी कर दिया है। एकेटीयू के कुलपित प्रो. प्रदीप कुमार मिश्रा को इस पद से हटाकर प्रो. राय को जिम्मेदारी दी गई थी। सात फरवरी को प्रो. मिश्रा ने त्याग पत्र दे दिया था, जिसे राज्यपाल ने स्वीकार कर लिया था। प्रो. पीके मिश्रा ने खुद इसकी पुष्टि की थी। बता दें कि विश्वविद्यालय में हुई अनियमितता व अन्य गड़बड़ियों की पिछले दिनों राज्यपाल को शिकायतें मिली थीं। इसमें आईईटी के पूर्व निदेशक प्रो. विनीत कंसल व एकेटीयू के पूर्व परीक्षा नियंत्रक प्रो. अनुराग त्रिपाठी ने भी विस्तृत जानकारी राजभवन



को दी थी। जिसकी प्राथमिक जांच के लिए राज्यपाल ने हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की एक जांच कमेटी का गठन किया था। आरोप है कि प्रो. मिश्रा व रजिस्ट्रार ने इसमें सहयोग नहीं किया और आवश्यक दस्तावेज भी जांच समिति को नहीं दिए।

# प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों हेतु जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों के साथ किया समीक्षा बैठक

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार 11 फरवरी 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित सभी प्रकार के सुलह–समझौते योग्य प्रकरणों के निस्तारण हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल की अध्यक्षता में 08 फरवरी 2023 को समस्त न्यायिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के माध्यम से अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के बावत जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों द्वारा किये गये प्रयासों एवं तैयारी का जायजा लिया गया। इस प्रकार लोक अदालत में अधिक मामलें निपटा लिये जाये इसके सम्बन्ध में वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों की समिति का भी गठन में किया गया है जिनसे यह अपेक्षा की गई कि न्यायिक अधिकारी/मजिस्ट्रेट जिस किसी को भी सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित किये जा सकने वाले के निस्तारण एवं प्रभावी कार्यवाही किये जाने में कोई कठिनाई आ रही हो तो उसका निराकरण करावें, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में लम्बित मामलों के निस्तारण की संख्या बढ़ाई जा सके। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटिगेशन (वाद–पूर्व) स्तर पर पारिवारिक/दाम्पत्य विवाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जल बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), भरण–पोषण वाद तथा अन्य प्रकार के आपराधिक शमनीय व सिविल वाद तथा न्यायालयों में लम्बित आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जलकर बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित) पारिवारिक वाद (विवाह विच्छेद सम्बन्धित वादों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा में वेतन, भत्तों एवं सेवानिवृत्ति परिलाभो से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित होने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। जिला जज द्वारा वादकारियों एवं अधिवक्ता गण से अपील की गयी कि अपने–अपने वादों से सम्बन्धित न्यायालयों में सम्पर्क स्थापित कर वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित करायें एवं अधिकतम वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ उठायें। बैठक में अपर जिला जज गण, प्रभारी सचिव/सिविल जज सी0डि0, सिविल जज जू0डि0 एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट गण उपस्थित रहे।

# 12 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में होगी जिला उद्योग बन्धु की बैठक

जौनपुर सू.वि. : उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने सर्व साधारण को अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 10 व 12 फरवरी 2023 के मध्य आयोजित होने वाले निवेश कुम्भ ग्लोवल इन्वेस्टर्स समिट लखनऊ के क्रम में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जनपद स्तर 10 फरवरी 2023 को लखनऊ में हो रहे कार्यक्रम जिसमें प्रातः 10.00 बजे मा० प्रधानमंत्री महोदय का उद्बोधन है का सजीव प्रसारण संगोष्ठी कक्ष, पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर में किया जायेगा। जिसमें जनपद कें सभी उद्यमी/निवेशकों को उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जायेगा। 12 फरवरी 2023 को मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार जौनपुर में समय–अपरान्ह 2.30 बजे आहूत की जायेगी। उक्त कार्यक्रम में मा० जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। उद्योग बन्धु की बैठक के उपरान्त समय– सायंकाल 4.30 बजे से 5.30 तक मा० राष्टपति महोदया जी द्वारा समापन उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी किया जायेगा। अतः आप सभी उद्यमीगण एवं निवेशकोंध अन्य सभी से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# बच्चे का सिर मुंडवाकर स्कूल में दी गई तालिबानी सजा : विद्यालय प्रबंधक ने दिया जवाब

अंबेडकरनगर ब्यूरो : मिलिट्री कट बाल बनवाकर स्कूल पहुंचने पर बाल मुड़वा कर तालिबानी सजा दे दी गई। पिता ने पुलिस में शिकायत कर दी है जिसके बाद पुलिस टीम ने जांच शुरू कर दी। प्रकरण सम्मनपुर थाना क्षेत्र के नबी हसन इंटर कॉलेज कुर्की बाजार से जुड़ा है। वहां बुधवार को पढ़ने गए कक्षा एक के छात्र शिवांश पुत्र रविंद्र के बाल विद्यालय प्रबंधक ने महज इसलिए मुड़वा दिया क्योंकि उसने मिलिट्री स्टाइल में बाल कटवा रखा था। छात्र को नई स्टाइल में बाल रखा देख विद्यालय प्रबंधन ने स्कूल परिसर में ही उसका सिर मुड़वा डाला। छात्र दोपहर बाद घर पहुंचा तो उसे देख परिजन सन्न रह गए। छात्र ने रोते हुए परिजनों को पूरा घटनाक्रम बताया। पिता ने बुधवार देर शाम पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बच्चे की हालत देखने के बाद फोन पर स्कूल प्रबंधक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल में यह सब नहीं चलेगा। पिता ने अब पुलिस से कहा है कि मिलिट्री स्टाइल में बाल कटवाना आखिर कौन सा कानूनन अपराध है। इस तरह के रवैये से बच्चे के दिमाग पर प्रतिकूल असर पड़ा है। ऐसे में केस दर्ज कर कार्रवाई की जाए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। एसओ दीपक सिंह रघुवंशी ने बताया कि गुरुवार



को थाने के एक दरोगा व अन्य पुलिसकर्मियों को जांच के लिए विद्यालय भेजा गया है। विद्यालय प्रबंधन का पक्ष जानने के बाद आगे कार्रवाई होगी। इस बीच सिर मुड़वा देने के सदमे के चलते संबंधित छात्र गुरुवार को विद्यालय नहीं गया। उधर विद्यालय प्रबंधक पीर मोहम्मद ने बताया कि सिर मुड़वाया नहीं गया है। बच्चे ने जितना छोटा बाल पीछे बनवा रखा था उतना ही बाल पूरे सिर पर करा दिया गया। मिलिट्री व राष्ट्रभक्ति को लेकर जो सवाल उठाए जा रहे हैं, वह एकदम अनुचित है सिर्फ अनुशासन के लिए ऐसा किया गया। मिलिट्री स्टाइल की बजाए उसने किसी और स्टाइल में बाल बनवा रखा था।

# एलईडी वैन के माध्यम से जगाएंगे बालिका शिक्षा की अलख

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक बालिका शिक्षा एवं उन्हें सशक्त बनाने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । अभियान में एलईडी वैन के माध्यम से जन जागरूक किया जा रहा है । इस के क्रम में विकास क्षेत्र बल्दीराय में यह वैन दो दिन



आठ सार्वजनिक स्थल पर वलीपुर बाजार, बघौना बाजार, बल्दीराय बाजार, गोविंदपुर बाजार, डोभियारा चौराहा, हलियापुर बाजार, तिरहुत बाजार, पारा बाजार खड़ी होकर दो–दो घंटे के कार्यक्रम नोडल प्रभारी संदीप पाण्डेय की देख – रेख में दिखाई ।खण्ड शिक्षा अधिकारी रोजी सिंह द्वारा इस वैन के बारे में बताया गया कि इसके माध्यम से बालिका की शिक्षा बीच में न रोकी जाएं और बालिकाओं को पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा। ताकि अभिभावक बेटियों की शिक्षा बीच में रोके और उन्हें पढ़ाएं तथा अपना भविष्य संवारने का मौका दें। इसके लिए समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत ब्लाक में एलईडी वैन के माध्यम से अभिभावक, बच्चों को पढ़ाई के लिए जागरूक किया जा रहा है । ब्लाक में बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण मुद्दों पर जन जागरूकता अभियान के माध्यम से एलईडी वैन का प्रदर्शन 8 फरवरी एवं 9 फरवरी तक किया गया । विभाग ने कार्यक्रम को सफल बनाने के प्रत्येक स्थान के लिए शिक्षक को नोडल बनाया गया है। कायाकल्प प्रभारी संदीप पाण्डेय ने बताया कि एलईडी वैन आठ एवं नव फरवरी बल्दीराय को चलाई गई हैं । प्रभारी अध्यापक द्वारा फीड बैक रिपोर्ट तथा कार्यक्रम में उपस्थित महिला पुरुष व बच्चों की संख्या कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएंगी और कार्यालय शासन को भेजेगा।

# पशु चिकित्सा अधिकारी की अजीबो गरीब कार्यशैली : पोल्ट्री फार्मो के मुर्गियों का सैंपल न लिया जाना बना चर्चा का विषय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत ब्लाक के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह की अजीबोगरीब कार्यशैली केराकत ब्लॉक में स्थित सैकड़ों पोल्ट्री फार्म के बजाय केराकत मुख्यालय में स्थित चिकन की दुकानों पर बर्ड फ्लू की जांच के लिए सैंपल कर रहे इकट्ठा उनका इस प्रकार का सैंपल लिया जाना बना चर्चा का विषय। गौरतलब है कि सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार समय–समय पर एतिहास के तौर पर पशु चिकित्सा विभाग द्वारा बर्ड फ्लू के लिए मुर्गियों का सैंपल लिया जाता है जबकि डॉक्टर जितेंद्र कुमार सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी के ब्लॉक के अंतर्गत सैकड़ों पोल्ट्री फार्म आते हैं जहाँ से मुर्गियां चिकन की दुकानों के लिए सप्लाई होती हैं वहाँ से सैंपल न लिया जाना केवल मुख्यालय पर स्थित चिकन की दुकानों पर सैंपल लिया जाना इनकी अजीबोगरीब कार्यशीली को दर्शाता है जबकि चिकन की दुकानों पर सभी मुर्गियों



की सप्लाई पोल्ट्री फार्म से ही होती है यदि पोल्ट्री फार्म के मुर्गियों का ही सैंपल ले लिया जाए तो कम से कम यह तो जरूर पता चल जाएगा कि बर्ड फ्लू की शिकायत है कि नहीं इस टीम में पशु चिकित्सा अधिकारी केराकत डॉ जितेंद्र सिंह,प्रिंस यादव, मुकेश यादव, संदीप ,विवेक यादव, आशीष गौड़ आदि लोग शामिल रहे।

# प्रिया राठौर डेथ मिस्ट्री : एक और झूठ हुआ बेनकाब : 20 मिनट तक मेस में रही थी प्रिया : नहीं खाया था खाना

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ में बीकेटी के एसआर स्कूल की छात्रा प्रिया राठौर की मौत के मामले में हॉस्टल व स्कूल प्रशासन का एक और बड़ा झूठ बेनकाब हुआ है। वारदात के बाद स्कूल व हॉस्टल प्रशासन कह रहा था कि प्रिया मेस से खाना खाने के बाद निकली थी। इसके बाद टहलते हुए गिर गई थी। अब जब पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है तो पता चला कि प्रिया मेस गई तो थी, लेकिन खाना नहीं खाया था। ऐसे कई झूठ अब तक सामने आए हैं, जिनसे गुत्थी उलझी और आशंकाएं बढ़ती गईं। जालौन निवासी जसराम राठौर की 13 वर्षीय बेटी प्रिया राठौर एसआर स्कूल से आठवीं कक्षा की पढ़ाई करती थी। 20 जनवरी की रात को हॉस्टल में ही प्रिया की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। जसराम की तहरीर पर बीकेटी पुलिस ने अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। वार्डन साधना सिंह समेत अन्य कर्मचारी व अधिकारियों ने पुलिस को बताया था कि वारदात की रात प्रिया हॉस्टल की मेस में गई थी। खाना खाने के बाद टहलते समय अचानक गिर गई थी। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। पंचनामा में भी यही दर्ज है। बीकेटी इंस्पेक्टर बृजेश तिवारी ने बताया कि जांच में सामने आया कि वारदात की रात करीब आठ बजे प्रिया मेस में गई थी। करीब बीस मिनट तक वहां रुकी थी। उसके बाद वह वहां से चली गई थी। मेस में प्रिया ने खाना नहीं खाया था। अब सवाल उठता है कि आखिर हॉस्टल व स्कूल प्रशासन ने झूठ क्यों बोला? इसके पीछे कोई साजिश है या कुछ और। ये जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस की जांच पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट की मुहर पुलिस की जांच में प्रिया के



खाना न खाने का तथ्य सामने आया। इसकी पुष्टि प्रिया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, प्रिया के पेट में अधपचा खाना मिला। जो वारदात से करीब दो ढाई घंटे पहले खाया गया होगा। प्रिया के पिता ने भी इसे लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि मामले में इतने झूठ बोले गए हैं, जिससे शक बढ़ता जा रहा है। कुछ बड़ा है जो छिपाया जा रहा है। मां के दर्ज किए बयान विवेचक इंस्पेक्टर बृजेश तिवारी बुधवार को जालौन स्थित जसराम के घर गए। प्रिया की मां जयंती राठौर के बयान लिए। वारदात की रात प्रिया की मां से क्या क्या बातें फोन पर हुईं उस बारे में बताया। उसके बाद वार्डन ने घटना की जो सूचना दी, उसकी जानकारी दी। जयंती ने भी वही आरोप दोहराए जो अब तक जसराम लगाते आए हैं। पुलिस ने जसराम का मोबाइल जांच के लिए मांगा है। रविवार तक मोबाइल उपलब्ध कराने का समय दिया है। जसराम का कहना है कि उनको मोबाइल देने में कोई आपत्ति नहीं है। वह बस यही चाहते हैं कि बेटी की मौत के जो भी जिम्मेदार हों वह सामने आएं। इसके लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे।

# जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में आधार कार्ड बनाने के कार्य की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में आधार कार्ड बनाने के कार्य की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि आधार अपडेट के लिए जौनपुर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, उन्होंने कहा कि यदि आधार बने हुए 10 साल या उससे अधिक हो गए है, तो अपने नजदीकी आधार केंद्र जाकर आधार अपडेट जरुर कराये। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जौनपुर में आधार अपडेट के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि निवासी अपना आधार अपडेट आसानी से करा सके। इसके लिए विशेष आधार कैंपो का आयोजन किया जा रहा है, जैसा की हम जानते है की आधार एक अतिमहत्वपूर्ण दस्तावेज है इसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलता है इसलिए इसका अपडेटेड होना जरुरी और लाभदायक है। अगर आधार अपडेटेड होता है तो केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में बहुत आसानी होती है। आधार में एक खास फीचर है कि इसे आसानी से अपडेट करा सकते है विशेष तौर पर अपना पता और मोबाइल नंबर हमेशा अपडेट रखे। इस सन्दर्भ में निवासियों को सलाह दिया है कि अगर आधार बने हुए 10 साल या उससे अधिक हो गए है तो आधार अपडेट जरुर कराये, आधार अपडेट के लिए अपने पते का प्रमाण (पीओए) और पहचान का प्रमाण (पीओएल) लेकर अपने नजदीकी आधार केंद्र पर आए और आधार अपडेट कराये, इसके लिए निर्धारित शुल्क 50 रूपये है, अपने पते का प्रमाण (पीओए) और पहचान का प्रमाण (पीओएल) **https%//myaadhaar.uidai.gov.in/** से ऑनलाइन भी अपडेट कर सकते है जिसके लिए निर्धारित शुल्क 25 रूपये है। अपने नजदीकी आधार केंद्र का पता जानने के लिए **https%//appointments.uidai.gov.in/bookappointment.aspx** पर लॉग इन करें, आधार भुवन पोर्टल **https%//bhuvan.nrsc.gov.in/aadhaar/** के माध्यम से भी अपने नजदीकी आधार केंद्र की जानकारी




प्राप्त कर सकते है। जनपद में आधार नामांकन और अपडेट करने हेतु लगभग 305 आधार नामांकन और अपडेट मशीन कार्यरत हैं। इन आधार नामांकन और अपडेट मशीनों ने पिछले एक महीने के दौरान लगभग 9767 नए आधार नामांकन और लगभग 22474 आधार अपडेट किए हैं। उत्तर प्रदेश में इस समय फैमिली आईडी बनाने का प्रोजेक्ट भी चल रहा है जिससे आधार के माध्यम से बेहतर सुविधाएं निवासियों को दी जा सकेंगी। इस महत्वपूर्ण कार्य में अगर आधार में पहचान के दस्तावेज (पीओएल) तथा पते के दस्तावेज (पीओए) अपडेटेड हैं तो सर्विसेज डिलीवरी में ज्यादा समन्वय हो पायेगा/ज्यादा पारदर्शिता आएगी। पूरे जनपद में 23 बैंकों, 27 पोस्ट ऑफिस तथा पोस्ट ऑफिस द्वारा 140 मोबाइल यूनिट कार्य कर रही है। इसके अतिरिक्त 15 अस्पतालों में भी आधार कार्ड बनाने का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी स्थानों पर अधिक से अधिक कार्ड बनाया जाए। 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड की प्रगति मात्र 16 प्रतिशत पाई गई जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 140 पोस्ट ऑफिस विभाग की मोबाइल यूनिट से संपर्क स्थापित कर अधिक से अधिक बच्चों का आधार कार्ड बनवाना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डा0 आरडी यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जेल में निरूद्ध बन्दियों को दिया जायेगा कौशल विकास का प्रशिक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जेल कौशल विकास समिति की बैठक जनसुनवाई कक्ष में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जेल में निरुद्ध कैदियों को सजा पूर्ण करने उपरांत, मुख्य धारा से जोड़ने तथा अपराध के रास्ते से हटाकर रोजगार और स्वरोजगार प्रदान किए जाते हेतु कौशल विकास मिशन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत कारागार में निरुद्ध महिला कैदियों हेतु सिलाई, ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण तथा पुरुष कैदियों हेतु, फर्नीचर, इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर का प्रशिक्षण इच्छुक बन्दियों को जाएगा। बैठक में कारगार के अंदर प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना हेतु स्थान का चुनाव, प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कैदियों की सूची व प्रशिक्षण उपरांत उनके रोजगार आदि विषयों पर चर्चा कर निर्देश दिए गए। बैठक में शीघ्रता से प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करके प्रशिक्षण प्रारम्भ करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. संजय कुमार, जेल अधीक्षक एस.के. पांडेय, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन व मानक पूरा करने वाले प्रशिक्षण प्रदाता उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति जौनपुर की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उत्तर प्रदेश खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति जौनपुर की बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में तहसील स्तरीय समितियों के गठन, ओलंपिक खेलों व खेल विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण शिविरों के खिलाड़ियों की उपलब्धि के आधार पर प्रोत्साहन राशि का वितरण कराए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2022–23 में अभी तक प्रोत्साहन समिति में प्राप्त आय एवं व्यय के संबंध में चर्चा हुई तथा समिति का ऑडिट चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा कराए जाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। उक्त के अतिरिक्त प्रोत्साहन समिति द्वारा अवशेष भुगतान जो अभी नहीं किए गए हैं उसको तत्काल कराए जाने का निर्देश देते हुए जनपद के व्यायाम शिक्षकों की बैठक व क्षेत्र पंचायत के सहयोग से कबड्डी हेतु शेड लगाने तथा युवा कल्याण विभाग के जीर्ण शीर्ण स्टेडियमों को सुधारने के संबंध में निर्देश क्रीड़ा अधिकारी एवं युवा कल्याण अधिकारी को प्रदान किया गया। सांसद खेल स्पर्धा के संबंध में योजना बनाने तथा जनपद के गांव में स्थित खेल मैदानों में खेल कराने एवं शहीदों की मूर्ति स्थापित कराए जाने का निर्देश क्रीड़ा अधिकारी तथा जिला युवा कल्याण अधिकारी को दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी तथा क्रीडा अधिकारी जौनपुर के साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# चोरी की बाइक के साथ दो बाइक चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना चंदवक प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में उस समय एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी जब मुखबिर की सूचना मिली की दो बाइक चोर कहीं भागने की




फिराक में हैं को तराव मोड़ लेवरूवा के पास से पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद हुई।गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम प्रिंस पाल , दुर्गेश कुमार निवासी खुज्जी मोड़ बताया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों के ऊपर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह, उप निरीक्षक अरुण पांडे ,हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह,हेड कांस्टेबल त्रिलोकी सिंह, हेड कांस्टेबल लल्लन प्रसाद ,कांस्टेबल निशांत, कांस्टेबल सूरज,कांस्टेबल अजय आदि रहे।

# महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर शिव बाबा की शोभायात्रा निकाली गई

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सेक्सेना : महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर शाहाबाद कस्बे में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बैनर तले गुरुवार को शिव बाबा की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ कोतवाली शाहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं शिव अर्चना करके किया।शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों एवं बाजार होते हुए निकाली गई। परमपिता शिव, देवी दुर्गा एवं श्री गणेश की सुंदर झांकियां और शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा आकर्षण का केंद्र बनी रही। बैंड बाजा के साथ निकाली गई कलश यात्रा में कुसुम, साधना, मनसा,रीता एवं रेखा सहित सैकड़ों बहनें शामिल रहीं।फरिश्ता बनीं बालिकाओं ने लोगों का मन मोह लिया। हाथ में शिव ध्वज लिए हुए श्वेत वस्त्रधारी कन्याओं,बहनों ने जयकारे लगाए। यात्रा के मध्य में कई जगह शिव बाबा का फूलमालाएं पहनाकर पूजन किया गया। अंत में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर शोभायात्रा का समापन हुआ। ब्रह्माकुमारी मालती दीदी ने बताया कि वर्तमान समय कलियुग का है।शिवरात्रि का त्योहार अज्ञान के अंधकार की रात्रि को समाप्त कर ज्ञान का प्रकाश लाने का यादगार पर्व है। अपने जीवन से बैर अर्थात बुराइयों को शिव पर अर्पित करना ही सच्ची शिव रात्रि मनाना है। बी के लवली ने बताया कि धार्मिक स्थानों पर अच्छी शिक्षा मिलती है। यह शिक्षा हमारे जीवन में आ जाए तो हम सबका कल्याण हो जाए। राजयोग शिक्षिका मीरा ने बताया कि समय बहुत तीव्र



गति से आगे जा रहा है। कोई भी श्वांस मनुष्य की अंतिम श्वांस हो सकती है। यदि यह अमूल्य समय आपने गंवा दिया तो आपको पछताने का मौका भी नहीं मिलेगा। इस शिव शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा में बी के अश्वनी कुमार गुप्ता, पूर्व सभासद प्रेमपाल,अजय कुमार दीक्षित,सुधीर राठौर,गोपाल,भोला एवं अनेक ब्रह्म कुमार और ब्रह्म कुमारियां शामिल रहीं।

# पेड़ से लटकता हुआ मिला नाबालिग का शव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय थाना क्षेत्र के गोंनौली रामदेव में बीती रात को 14 वर्षीय नाबालिग युवक अनंत यादव पुत्र बृजेश यादव के घर सटे जामुन के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया वही सूचना पर पहुंचे चन्दवक थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह मय फोर्स पहुंच शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लेकिन अभी फांसी लगाने के कारण का कुछ भी पता नहीं चल सका है वही अनंत यादव अपने मां ,बाप एकलौता पुत्र था वही माँ पुनम यादव रामदेव ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक के पद तैनात हैं।

## भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में प्रति व्यक्ति आय दुगनी हुई –राहुल राज रस्तोगी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर अमृत काल बजट संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष भाजपा अवध क्षेत्र राहुल राज रस्तोगी जी रहे उन्होंने अमृत काल बजट की विशेषताओं का विस्तार से वर्णन किया तथा कहा कि आने वाले समय में इस महत्वपूर्ण बजट का प्रभाव देखने को अवश्य मिलेग। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज प्रति व्यक्ति आय करीब 9 वर्षों में दोगुनी होकर 1.97 लाख रुपए हो गई है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बड़ा है और यह पिछले 9 साल में विश्व की 10 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। विपक्ष जहां देश की स्वनिर्मित तकनीक पर सवाल उठाता था आज उसी हैक प्रूफ तकनीक यूपीआई को विदेशी तक अपना रहे हैं। वर्ष 2022 में यूपी के माध्यम से 126 लाख करोड़ रुपए के 7400 करोड डिजिटल भुगतान किए गए हैं। यह अनुसंधान और तकनीकी विशेषज्ञों की बहुत बड़ी उपलब्धि है यह दिखाता है कि भारत की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं है सरकार अगले 3 वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी और उनकी सहायता करेगी। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर वितरित सूक्ष्मा उर्वरक और कीटनाशक विनिर्माण नेटवर्क तैयार करते हुए 10000 बायो इनपुट रीसोर्स केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इससे देश के किसान की खेती में लागत घटेगी और उसकी आय में इजाफा होगा। बजट में युवाओं को आने वाली समय के अनुरूप तैयार करने के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत अगले 3 वर्षों में लाखों युवाओं को कौशल संपन्न बनाने के लिए शुरू की जाएगी और इसमें उद्योग जगत 4.0 से संबंधित नई पीढ़ी की आर्टिफिशियल, इंटेलिजेंस ,रोबोट्रिक्स ,मेकाट्रॉनिक्स3क प्रिंटिंग शामिल किए जाएंगे। देश का युवा नई नई तकनीक से लैस होकर एक नए का आविष्कार करेगा जो देश में सहायक होगा। बजट में सप्तर्षी योजनाओं पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इस बजट में भारत के सभी नागरिकों का ध्यान रखा गया है।छात्र छात्राओं, किसानों, बच्चों,बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं का बजट में विशेष ध्यान रखा गया है। मुख्य अतिथि ने बताया सभी वर्ग के लोगों को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार का बजट पहली बार आया है जिसका लगभग सभी लोगों ने स्वागत किया है। उन्होंने बजट में 38हजार 800 अध्यापकों की नियुक्तियां किए जाने और उन्हें प्रशिक्षण देने की योजना, गोवर्धन योजना एवं पी एम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना आदि के लिए विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाला यह बजट इसके पहले किसी भी सरकार ने नहीं दिया है। उन्होंने कहा की बजट में प्रति व्यक्ति आय को पढ़ाने के लिए





प्रयास किए गए हैं और सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट संगोष्ठी पर बोलते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और देश एक स्वर्णिम काल का साक्षी बन रहा है ।भारत वही देश है जहां पहले सिर्फ घोटालों की बात हुआ करती थी। समय बदला, राज बदला और देश को एक ऐसा सेवक मिला जिसके नेतृत्व में देश ही नहीं विदेशों में आज भारत के विकास की बात हो रही है ।उन्होंने कहा भाजपा सरकार का जो इस वर्ष बजट आया है यह समावेशी बजट है ।इसमें हर वर्ग की खुशियां और विकास को ध्यान में रखा गया है। बजट में सात लाख तक की आय कर मुक्त करने से हर वर्ग को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा उन्होंने कहां की यह गांव गरीबों किसानों आदिवासियों दलितों पिछड़ों शोषित वंचित और आर्थिक रूप से पिछड़े और मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त बनाने वाला विकास कल्याण इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट सहित पूरे देश को समर्पित बजट है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2008और 09 के मुकाबले 2020–21 में बेरोजगारी दर में कमी आई है ।यह बजट नौजवानों के लिएअवसरों को बढ़ाने वाला है। या मजबूत भारत का बजट है। यह बजट देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और देश की क्षमताओं का विकास करने वाला है यह देश की ग्रीन ग्रोथ को बढ़ाने वाला बजट है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष रामबहादुर सिंह, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र ,सत्येंद्र राजपूत जिला मंत्री, अविनाश पांडे ,जिला मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक, कार्यालय मंत्री अतुल सिंह ,आईटी जिला संयोजक सौर भ सिंह ,सोशल मीडिया प्रभारी प्रद्युमन मिस्र, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा मधुर ,सत्यम शुक्ला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अलका गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष आजाद सिंह भदौरिया ,नीरज तिवारी , युवा मोर्चा महामंत्री प्रखर अग्निहोत्री,नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय मंडल अध्यक्ष बावन देश दीपक दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

## उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने चारबाग स्टेशन पर इंटीग्रेटेड पार्किंग का किया लोकार्पण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के चारबाग रेलवे स्टेशन पर व्यस्ततम यात्री यातायात को देखते हुए तथा प्रतिदिन आने–जाने वाले वाहनों के सुव्यवस्थित एवं सुगम आवागमन हेतु वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए स्टेशन पर इंटीग्रेटेड पार्किंग की व्यवस्था स्थापित की गई है स इस कार्य का लोकार्पण उप–मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार बृजेश पाठक द्वारा किया गया। इंटीग्रेटेड पार्किंग व्यवस्था के तहत चारबाग के मुख्य एंट्री और एग्जिट पर इलेक्ट्रॉनिक बैरियर लगाए गए है । कोई भी वाहन जो रेल परिसर में दाखिल होगा उसे बैरियर के पास ही इलेक्ट्रॉनिक स्लिप मिल जाएगी जिसमें वाहन का नंबर और आने जाने का समय दर्ज होगा और उसी के हिसाब से निर्धारित शुल्क वसूला जाएगा। लखनऊ स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में वाहनों के प्रवेश हेतु 05 बिन्दु बनाये गये हैं, जो कि निम्नवत हैं– आरक्षण भवन के सामने, रिक्शा गली, आरक्षण गली, पूर्वोत्तर रेलवे के सामने मंदिर के निकट एवं कैब–वे मार्ग। आरक्षण भवन के सामने लखनऊ रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में प्रवेश करने वाले वाहनों के सुचारू ढंग से आवागमन के उद्देश्य से अलग–अलग लेन बनाये गये हैं, जिसके अन्तर्गत सीधी लेन, व्यवसायिक वाहन, निजी वाहन, सरकारी वाहन एवं पैदल यात्रियों हेतु लेन बनाये गये हैं। लखनऊ रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से होकर पूर्वोत्तर रेलवे के कैब–वे पार्किंग की ओर जाने वाले वाहनों को इन्टीग्रेटेड पार्किंग के प्रवेश द्वार पर एक टोकन जारी किया जायेगा, जिसमें 10 (दस) मिनट का फ्री समय दिया जायेगा। इस प्रकार के वाहनों के लिये थ्रू लेन की व्यवस्था की गई है। समस्त प्रकार के वाहन स्वामियों को स्टेशन सीमा में प्रवेश के समय एक टोकन जारी किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत 10 मिनट का फ्री समय दिया जायेगा। व्यवसायिक वाहनों के लिये फ्री समय की सुविधा नही प्रदान की जायेगी। ऐसे वाहन चालको को प्रवेश के समय जारी किये जाने वाले टोकन के लिये रू० 20– प्रवेश शुल्क देना अनिवार्य होगा एवं यह 30



मिनट के लिये मान्य होगा। रेलवे में पंजीकृत आटो एवं टैक्सी वाहनों हेतु पूर्व की भांति अलग स्थान आरक्षित रहेगा एवं इन वाहन चालको को स्टेशन परिसर से बाहर जाते समय रू० 20– का टोकन जारी किया जायेगा। यात्रियों के लिये तीन बिन्दुओं पर पिक एण्ड ड्राप पाइन्ट निर्धारित किये गये हैं। वाहन चालकों को इन्हीं निर्धारित बिन्दुओं पर ही यात्रियों को पिक एण्ड ड्राप की अनुमति रहेगी। अनाधिकृत स्थलों पर वाहन पार्क करने पर अर्थदण्ड वसूल किये जाने का प्रावधान किया गया है। विभागीय वाहन स्वामियों हेतु आरक्षण भवन के नीचे बेसमेन्ट पार्किंग एवं इसके बाहर का स्थान चिन्हित किया गया है, जिसमें वाहनों की सुरक्षा हेतु एक कर्मचारी तैनात किये जाने का प्रावधान रेल प्रशासन द्वारा किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मेन साइड में संचालित साइकिल/स्कूटर स्टैण्ड में पार्क होने वाले वाहनों की पार्किंग में कोई असुविधा नहीं हो एवं इसके लिये निम्नलिखित व्यवस्था लागू की जायेगी– इन्टीग्रेटेड पार्किंग के प्रवेश द्वार पर वाहन स्वामी को एक निःशुल्क टोकन जारी किया जायेगा। जब यह वाहन स्वामी पूर्वोत्तर रेलवे के पार्किंग क्षेत्र में अपना वाहन पार्क करेंगे तो वहाँ पर उन्हें पार्किंग संचालक द्वारा पूर्व की भांति एक कूपन जारी करेंगे। निकासी के समय वाहन स्वामी को इन्टीग्रेटेड पार्किंग के कूपन के साथ–साथ पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा जारी कूपन प्रस्तुत करना होगा, जिसके आधार पर उन्हें निःशुल्क निकासी दी जायेगी। उप–मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उपस्थित मीडियाकर्मियों से संवाद कर इन्टीग्रेटेड पार्किंग के लोकार्पण पर उत्तर रेलवे प्रशासन को बहुत बहुत शुभकामनायें तथा इस सुविधा से आम जन को होने वाले लाभों से अवगत कराया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबन्धक, जयंत चौधरी, वीरेन्द्र सिंह यादव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रेखा शर्मा, स्टेशन निदेशक, आशीष सिंह सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुईं। बैठक में अधीक्षण अभियंता सिंचाई के द्वारा अवगत कराया गया कि सभी नहरों में टेल तक पानी पहुंच रहा है। जनपद में पानी की समस्या नही है। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निवेश एवं झटपट पोर्टल की पेंडेंसी जल्द से जल्द खत्म करें। जनपद की सड़कों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि स्वीकृत योजनाओं को जल्द से जल्द कार्य शुरू हो जाएं। बरईपार से सुजानगंज सड़क में गड्ढे अधिक होने पर सम्बंधित ठेकेदार की सेक्युरिटी जब्त करते हुए ठेकेदार के ऊपर एफआईआर दर्ज कराए। उन्होंने सभी खड़ विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि 07 दिन के भीतर अपने अपने विकास खण्ड में 01 अतिरिक्त गो–आश्रय स्थल बनायें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त पशु चिकित्सा अधिकारी गो–आश्रय स्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। इलाज के अभाव में किसी भी गोवंश की मृत्यु न होने पाए और किसी भी गोवंश की मृत्यु हुई है तो उनका अच्छे से निस्तारण किया जाए। उन्होंने मड़ियाहूं में वृहद गो–संरक्षण केंद्र खोले जाने के प्रस्ताव भेजने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सहभागिता योजना के तहत लाभार्थियों के खाते में नियमित रूप से पैसे भेजे जाएं और लाभार्थियों का सत्यापन खंड विकास अधिकारी समय–समय पर कराते रहें। आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रकृति धीमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और नोडल अधिकारी आयुष्मान कार्ड को निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर कार्य में प्रगति लाएं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन एक आशा कम से कम 01 आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाएं। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने में आशा का मोबिलाइजेशन नहीं होने पर डी.सी.पी.एम को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उन सरकारी अस्पतालों को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए जिनमें आयुष्मान कार्ड के तहत कम इलाज किया है। हेल्थ वैलनेस सेंटर के निर्माण की समीक्षा



करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जितनी भी कार्यदाई संस्थाओं का काम अभी अधूरा है उनसे स्पष्टीकरण लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मार्च तक सभी पंचायत भवनों का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण करा दिया जाए। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह को निर्देशित किया कि सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की बाउंड्री वाल एवं एप्रोच रोड जल्द से जल्द बनाए जाए। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आधार प्रमाणीकरण का कार्य 07 दिन के भीतर शत–प्रतिशत करा लिया जाए। इसके संबंध में प्रधान एवं सचिव को भी निर्देशित किया जाए कि उनके गांव में कोई भी लाभार्थी न छूटे सभी का आधार प्रमाणीकरण हो जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने बताया कि जनपद में 25 फरवरी को वृहद रूप से सामूहिक विवाह आयोजित किया जा रहा है, जिसकी तैयारी सभी लोग अभी से कर ले और पात्रों की सूची तैयार कर ले। जिलाधिकारी ने सहायक श्रम आयुक्त को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री मानधन योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। अभियान चलाकर शिकायतों की संख्या कम से कम करें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बृजभान सिंह, उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर.डी. यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आवेदन बाद में वेतन का भुगतान पहले हो गया : 69 शिक्षकों की अवैध तरीके से हुई भर्ती

प्रयागराज ब्यूरो : शुआट्स में ग्रांट इन एड वाले 69 पदों पर नियुक्ति मामले की जांच जैसे–जैसे आगे बढ़ रही है, अनियमितता की नई परतें खुलती जा रही हैं। एक ऐसा भी मामला सामने आया, जिसमें जांचकर्ताओं को पता चला कि आवेदन बाद में किया गया, लेकिन साक्षात्कार और वेतन का भुगतान पहले कर दिया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर तैनात डॉ. अमित लार्किन ने 20 जुलाई 2007 को एग्रीफॉरेस्ट्री विभाग के लिए आवेदन किया था, लेकिन साक्षात्कार छह जुलाई 2007 को ही आयोजित किया जा चुका था और तीन दिन बाद यानी नौ जुलाई 2007 से ही वेतन भुगतान भी किया गया। वहीं दूसरी ओर कुछ पद ऐसे भी रहे, जिन पर आवेदन के महीनों ही नहीं, एक साल बाद साक्षात्कार लिया गया। इसके बाद चयन भी कर लिया गया। खास बात यह कि शासन के आदेश पर हुए विशेष ऑडिट के दौरान जब जांच करने वाली संस्था की ओर से पूछा गया तो प्रबंधन की ओर से कोई कारण नहीं बताया जा सका। न ही नियुक्ति पत्रावलियों में इसका उल्लेख करने से संबंधित कोई दस्तावेज मिला। एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर तैनात डॉ. सुरेश बाबू गुटाला इन्हीं में से एक रहे। इन्होंने आवेदन तो आठ अप्रैल 2003 को किया लेकिन इनका साक्षात्कार लगभग 11 महीनों बाद 23 मार्च 2004 को लिया गया। इसी तरह असिस्टेंट प्रोफेसर पर पर नियुक्त डॉ. अभिलाषा अमिता लाल की आवेदन पत्रावलियों की जांच में पाया गया कि उन्होंने आवेदन 17 जनवरी 2002 को किया। हालांकि इनका साक्षात्कार 24 मार्च 2004 को आयोजित किया गया। यानी आवेदन के बाद साक्षात्कार आयोजित करने में 26 महीने लग गए। असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर ही तैनात जॉन पी कालिस के मामले में बेहद चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। पत्रावलियों की जांच में पाया गया कि उनका आवेदन 11 नवंबर 2002 को हुआ लेकिन साक्षात्कार लेने में लगभग पांच साल का वक्त लग गया। उनका साक्षात्कार 25 जुलाई 2007 को हुआ।

## पर्यावरण से जुड़े विषयों से युवा पीढ़ी को सम्बद्ध करने की आवश्यकता महत्वपूर्ण –अभाविप

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा स्नातक स्तर के लिए पर्यावरण शिक्षा हेतु नवीन एवं अधिक प्रभावी पाठ्यक्रम की रूपरेखा का ड्राफ्ट जारी करने संबंधी पहल का हार्दिक अभिनंदन करती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप यह शिक्षा संबंधी कदम महत्वपूर्ण है। पर्यावरण क्षरण एवं जलवायु परिवर्तन एक गंभीर वैश्विक समस्या है जिसके प्रति युवा पीढ़ी को सजग किया जाना आवश्यक है। स्नातक स्तर पर पर्यावरण विषय का अधिक प्रभावी पाठ्यक्रम निश्चित ही युवाओं को पर्यावरणीय स्थिति तथा मूल्यों के प्रति जागरूक करने वाला होगा। यूजीसी के इस ड्राफ्ट पर छात्रों, अध्यापकों एवं अन्य हितधारकों के मध्य चर्चा से इसे और अधिक प्रभावी किया जा सकता है। विकासार्थ विद्यार्थी के राष्ट्रीय संयोजक राहुल गौड़ ने कहा कि,''छात्रों तथा युवाओं को अभाविप की गतिविधि 'विकासार्थ विद्यार्थी' के द्वारा पर्यावरण संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से जागरूक किया जा रहा है। विकासार्थ विद्यार्थी की 'नर्मदा अध्ययन यात्रा','वृक्ष मित्र अभियान', पर्यावरण संगोष्ठियां, 'सागर स्वच्छता अभियान', 'अपशिष्ट प्रबंधन,जलध संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा आदि पर शैक्षणिक परिसरों में रचनात्मक कार्यक्रमों' आदि के माध्यम से अभाविप पर्यावरणीय मूल्यों के प्रति युवाओं को सजग करने का निरंतर कार्य कर रही है।'' अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, '' यूजीसी के पर्यावरण संबंधी पाठ्यक्रम से स्नातक स्तर पर छात्र पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक हो सकेंगे, साथ ही पर्यावरण विषय के विशेषज्ञ अभ्यर्थियों हेतु अधिक संख्या में नए रोजगार का सृजन भी होगा।वर्तमान में विभिन्न विश्वविद्यालयों में परास्नातक स्तर पर पर्यावरण विषय के पाठ्यक्रम संचालित है और स्नातक स्तर पर सभी विषयों के साथ एक अनिवार्य विषय के रूप में पर्यावरण विषय पढ़ाया जाता है। पर्यावरण संबंधी पाठ्यक्रमों को नई स्थितियों के साथ अद्यतन किया जाने से युवाओं में पर्यावरण को लेकर बेहतर समझ बनेगी।

### एलपीसीपीएस में आयोजित हुई तीन दिवसीय कृत्रिम इन्टेलिजन्स की कार्यशाला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर स्थित लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे मुख्य वक्ता के तौर पर महाविद्यालय के कंप्युटर साइंस विभाग के प्रोफेसर डॉ ए के राय एवं एडयुकईस टेक्नॉलजी के मुख्य तकनीकी अधिकारी श्वेतांक सेठ रहे। तीन दिवसीय इस कार्यशाला में वक्ताओं ने छात्रों को बताया की किस तरह से कृत्रिम इन्टेलिजन्स का जन्म हुआ और कैसे इसने हमारे रोजमर्रा के जीवन में अपनी पैठ बना ली है। छात्रों को यह भी बताया गया की रोबोटिक्स और आर्टफिशल इन्टेलिजन्स के साथ कैसे अपना करिअर बनाया जा सकता है और अपने भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है । इसके साथ ही छात्रों ने यह भी जाना की भारत किस प्रकार रोबाटिक्स व ए आई का उपयोग करके अपने विकास की ओर अग्रसर है। कार्यशाला के तकनीकी सत्र के दौरान विधयार्थियों ने कई लाइव प्रोजेक्ट की बारीकियों को भी समझा । कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर लक्ष्मी शंकर अवस्थी ने अपने उदबोधन में कहा कि आने वाला समय तकनीकी के एक नए स्तर का होगा और इसमें ए आई की बहुत बड़ी भूमिका होगी। तीन दिवसीय सत्र के बाद विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किये गए। कॉलेज की डायरेक्टर गरिमा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दो दिन से लापता बालक का शव तालाब में मिला : हत्या की आशंका

प्रयागराज ब्यूरो : हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम सदरेपुर में 2 दिन से गायब बच्चे की आज तीसरे दिन लाश तालाब में मिली। लाश मिलने से गांव में हड़कंप मच गया, वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मंगलवार के दिन भानु प्रताप यादव का छोटा लड़का आर्यन उर्फ गोलू



4 अपने दरवाजे पर खेल रहा था जो अचानक गायब हो गया। परिजनों ने तत्काल बच्चे की खोजबीन करने लगे आसपास वह अगल–बगल ढूंढा जब बच्चा नहीं मिला तो परिजनों में शक जाहिर होने लगा कि अभी बच्चा दरवाजे पर खेल रहा था अचानक गायब हो गया। जबकि मां राजकुमारी ने शंका जाहिर किया कि गांव का ही व्यक्ति मेरे बच्चे को गायब कर दिया। जिसकी सूचना हंडिया थाने पर दी गई तो हंडिया पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर परिजनों को अस्वस्थ किया लेकिन बच्चे के मां को संतुष्टि नहीं मिल रही थी वह बार–बार यही कह रही थी मेरे बच्चे को गांव के ही व्यक्ति ने ही गायब कर दिया। जब आज तीसरे दिन बच्चे की लाश मिली तो पूरा गांव एकत्रित हो गया इसकी सूचना हंडिया पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचकर लाश अपने कब्जे में लेना चाहा, परंतु परिजनों ने लाश को उठाने नहीं दे रहे थे लगभग 3 घंटे तक पुलिस व परिजनों की बातचीत होती रही। किसी तरह से एसीपी हंडिया ने समझा–बुझाकर बच्चे की लाश की पंचनामा कराकर पीएम के लिए प्रयागराज भेज दिया। पीड़ित परिजनों का कहना था कि मेरे साथ न्याय हो ऐसी हरकत करने वाले व्यक्ति को सजा मिले।

## हरदोई में सड़क हादसा : टैम्पो और बाइक की जोरदार टक्कर में दो की मौत



रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–हरदोई : बुधवार की देर शाम पाली थाना क्षेत्र के सरसई बैरियर के पास खराब हुई बोलेरो को खीचनें जा रहे एक ऑटो और बाइक की आमने सामने जोरदार टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में पाँच लोग घायल हो गये। इस दर्दनाक हादसा होने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को आनन फानन में अस्पताल भिजवाया।साथ ही घटना की सूचना परिजनों को दी। इस दर्दनाक हादसे की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घायलों में एक घायल की गंभीर हालत देखकर डॉक्टर ने तुरंत उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक जलालाबाद क्षेत्र के डारा गाँव के बागेश (24) पुत्र रामनिवास अपनी मोटरसाइकिल पर साले श्याम सिंह और उनकी पत्नी सीमा 6 वर्षीय बच्चे आयुश को बैठाकर सांडी के गांव जरौली नबादा जा रहा था। रूपापुर के भदौरिया ढाबे के थोड़ा आगे कौसिया मंदिर के पास बागेश की मोटरसाइकिल रूपापुर की ओर से सरसई की ओर जा रहे एक ऑटो से टकरा गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार बागेश और ऑटो पर सवार सोनू(20) पुत्र गिरीन्द्र निवासी वृन्दावन सवायजपुर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ऑटो पर सवार सदुल्लीपुर के रोहित एवं बदलापुर के चालक मनोज समेत पांच लोग घायल हो गये। पाली थाने के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही वे पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सवायजपुर सीएचसी पहुँचाया गया,जहां से उन्हें गंभीर हालत में जिलाअस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष की तरफ से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।